13.1.25

Tender Heart High School, Sec. 33-B, CHD. Pg. 1 B+

कक्षा - सातवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण (क्रिया विशेषण) पृष्ठ - 17

पुस्तक - वीना हिंदी व्याकरण - 7

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

आज आपको हिंदी व्याकरण की पुस्तक वीना के पृष्ठ - 17 पर दिए क्रिया - विशेषण को पढ़ेंगे।

सब बच्चे अपनी पुस्तक का पृष्ठ - 17 खोलकर रखें साथ ही अभ्यास - पुस्तिका भी खोलें। आप विशेषण के विषय में तो पढ़ ही चुके हैं। अब मैं क्रिया विशेषण के बारे में समझाने जा रही हूँ। आप सब ध्यानपूर्वक सुनें व समझें।

नीचे लिखे वाक्यों को ध्यान से पढ़ो व समझो -

(क) लता मंगेशकर अच्छा गाती है। (रीति)
(ख) दीपावली कल मनाई जाएगी। (समय)
(ग) वह ऊपर गया। (स्थान)
(घ) उसे भी थोड़ा पढ़ने दो। (परिमाण)

ये शब्द क्रिया के होने का तरीका (रीति), स्थान, समय, तथा परिमाण आदि बताकर क्रिया की विशेषता बता रहे हैं।

इस प्रकार -

क्रिया की विशेषता बताने वाले शब्द क्रियाविशेषण कहलाते हैं।

क्रिया विशेषण के चार भेद होते हैं :-

क्रिया विशेषण

- रीतिवाचक क्रियाविशेषण
- कालवाचक क्रिया विशेषण
- स्थानवाचक क्रियाविशेषण
- परिमाणवाचक क्रिया विशेषण

(पृष्ठ - 1)

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

कक्षा- सातवीं शिक्षिका- सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण (क्रियाविशेषण)

विशेष:- क्रिया के साथ कहाँ, कब, कैसे, कितना लगाकर प्रश्न करने पर जो अविकारी शब्द उत्तर में आते हैं, वे क्रियाविशेषण होते हैं; जैसे:-

- बच्चे कहाँ खेल रहे हैं? – अंदर, बाहर, ऊपर, नीचे यहाँ, वहाँ आदि स्थान।
- पिताजी कब आएँगे? – आज, कल, परसों, अभी – समय।
- छात्र कैसे गाते हैं? – धीरे-धीरे, ध्यानपूर्वक, अच्छी तरह, भलीभाँति-रीति
- उसकी बहन कितना पढ़ती है? थोड़ा, ज़्यादा, कम, बहुत, काफ़ी – परिमाण

1. रीतिवाचक क्रियाविशेषण:-

जो क्रियाविशेषण क्रिया के होने की रीति अर्थात् ढंग को बताता है, वह रीतिवाचक क्रियाविशेषण कहलाता है; जैसे:- ज़ोर से, हँसते-हँसते, धीरे-धीरे, जल्दी-जल्दी, झटपट, धड़धड़, अचानक, फटाफट, शीघ्र, सहसा आदि।

(क) कछुआ धीरे-धीरे चला।
(ख) अचानक वर्षा आ गई।
(ग) फलवाले के फल धड़ाधड़ बिक गए।
(घ) वे हमारी कहानी ध्यानपूर्वक सुन रहे थे।
(ङ) माँ ने पुत्री को भली-भाँति समझा दिया है।

रीतिवाचक क्रियाविशेषण – धीरे-धीरे, यथार्थ, न, नहीं, अतएव, ध्यानपूर्वक, सच, तेज़, मत, वृथा इत्यादि।

2. कालवाचक क्रियाविशेषण:-

क्रिया के समय का बोध कराने वाले क्रियाविशेषण कालवाचक क्रियाविशेषण कहलाते हैं।



Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

13.1.25

Pg. 3 B+

कक्षा - सातवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण (क्रियाविशेषण)

(क) मज़दूर दिनभर काम करता है।
(ख) तुम पुस्तक मेले में कब जाओगे?
(ग) आजकल कश्मीर में बर्फ़बारी हो रही है।
(घ) माताजी अभी गई हैं।
(ङ) नरेश अब जा चुका है।
(च) मैं कल तुम्हारे घर गया था।

कब, हमेशा, तत्काल, शीघ्र, अभी, रोज़, आज, नित्य, प्रतिदिन, हरबार, बार-बार आदि कालवाचक क्रियाविशेषण के उदाहरण हैं।

3. स्थानवाचक क्रियाविशेषण :-

किसी स्थान विशेष का बोध कराने वाले क्रियाविशेषण को स्थानवाचक क्रियाविशेषण कहते हैं; जैसे- अंदर, बाहर, यहाँ, वहाँ, कहाँ, दूर, निकट, आगे, पीछे, पास, इधर, उधर आदि।

(क) तुम यहाँ बैठो।
(ख) राम ने मोहन को अंदर बुलाया है।
(ग) मेरा घर तुम्हारे घर के निकट है।
(घ) सुधीर किधर जा रहे हो?
(ङ) नदी पास में बहती है।
(च) वहाँ से कुरसी उठाओ।
(छ) चारों ओर हरियाली फैली है।

स्थानवाचक क्रियाविशेषण की पहचान के लिए यह ध्यान रखना आवश्यक है कि प्रश्न में कहाँ शब्द आने पर जो उत्तर मिले वह स्थानवाचक क्रियाविशेषण शब्द है



Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

13.1.25

Pg. 4 B+

कक्षा- सातवीं शिक्षिका- सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण (क्रियाविशेषण)

4. परिमाण वाचक क्रियाविशेषण :-

निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए :-

(क) राखी बहुत खाँस रही है।
(ख) इस बार गरमी अधिक पड़ रही है।
(ग) मनु ने तरबूज खूब खाया।
(घ) थोड़ा तेज़ चलो।
(ङ) पूजा कम बोलती है।

परिमाणवाचक क्रिया विशेषण - इस नाम से ही यह सूचना मिलती है कि इन शब्दों से क्रिया के होने की मात्रा अथवा परिमाण का ज्ञान होता है; जैसे:-

(i) अब मैं बिलकुल थक चुका हूँ।
(ii) उतना खाना चाहिए जितना पच सके।

इसमें क्रिया की माप-तौल अथवा मात्रा का बोध होता है, वे शब्द परिमाण वाचक क्रियाविशेषण होते हैं।

- परिमाणवाचक क्रियाविशेषण जानने के लिए क्रिया के साथ कितना / कितनी लगाकर प्रश्न किया जाता है।

बच्चो! आपने क्रियाविशेषण के बारे में पढ़ा। अब मैं आपको गृहकार्य करने को दूँगी। इस कार्य को आप अपनी अभ्यास-पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न-1 क्रिया विशेषण किसे कहते हैं? यह कितने प्रकार के होते हैं?
प्रश्न-2 निम्नलिखित वाक्यों में से क्रिया विशेषण शब्द छाँटकर उनके भेद का नाम लिखो -



Scanned with CamScanner

Scanned with CamScanner

13.1.25

Pg. 5 B+

कक्षा- सातवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण (क्रियाविशेषण)

क्रियाविशेषणशब्द भेद का नाम

1. माताजी ज़ोर से चिल्लाई।
2. मोहन पिताजी के दायीं ओर बैठा है।
3. इस साल सर्दी अधिक पड़ रही है।
4. रीता बाहर खेल रही है।
5. माँ ने बहुत अच्छा खाना बनाया।
6. थोड़ा खाना खा लो।
7. वह धीरे-धीरे चल रहा है।
8. सारे फल हाथों-हाथ बिक गए।
9. मैं रोज़ पढ़ता हूँ।
10. तीर हिरन के आर-पार निकल गया।

- सब बच्चे इस कार्य को ध्यान से पढ़ेंगे, समझेंगे फिर लिखेंगे।
- परीक्षा में इस प्रकार के प्रश्न पूछे जाएँगे।

धन्यवाद।

(अंतिम पृष्ठ -5)

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner